## खबर संक्षेप

### समाज सेवा में जिंदल परिवार सदैव रहा अग्रसर : पम्मी



**रादौर।** सांसद नवीन जिंदल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सरकारी अस्पताल रादौर में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। फल वितरित कार्यक्रम में सरपंच एसोसिएशन रादौर के अध्यक्ष व पैक्स केंद्र बापौली के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मी, चेयरमैन मेनपाल,व हेमराज कुंजल ने मुख्य रूप से मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी प्रभारी सोनी कुमार द्वारा फल वितरित कर सांसद की लंबी आयु की कामना की।

इस अवसर पर चेयरमैन पम्मी ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल ने हमेशा से ही जनता के कल्याण के लिए कार्य किया है। सांसद बनने के बाद भी नवीन जिंदल जनता से मिलना नहीं छोड़ते। जिंदल जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनते है।

### क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए हुआ हवन यज्ञ



**रादौर।** एमपी ट्रेडर्स बी-15 नगली घाट खनन एजेंसी द्वारा क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए जठलाना घाट पर हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने आहूति डाली और प्रसाद ग्रहण किया। खनन एजेंसी के निदेशक तेजपाल मंढाण ने बताया कि क्षेत्र की सुख शांति के लिए हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया है। एजेंसी द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, पौधारोपण अभियान चलाया जाता है। मौके पर मोहनलाल कंडरौली, सतीश कलसौरा, सुंदर राणा, बलजिंदर सिंह खरींडवा, भूपेंद्र चहल बीबीपुर, अनुज चहल आदि मौजूद थे।

### आयुष्मान कार्ड के लिए 31 तक चलेगा पखवाड़ा

**यमुनानगर।** आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए 31 मार्च तक आयुष्मान भारत कैंप पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिन लाभार्थियों ने अभी तक आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड व वय वंदना कार्ड नहीं बनवाया है। उनके लिए सरकार द्वारा एक अवसर दिया गया है ताकि वे जल्द से जल्द अपना आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड व वय वंदना कार्ड बनवाएं ताकि जरूरत पड़ने पर प्राईवेट व सरकारी अस्पताल में मुफ्त में इलाज प्राप्त किया जा सके। सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड और 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए वय वंदना कार्ड बनाए जा रहे हैं। यह योजना सिर्फ प्राथमिक चिकित्सा तक सीमित नहीं है इसमें हृदय संबंधी सर्जरी जैसे बायपास, एंजियोप्लास्टी, डायलिसिस जैसे किडनी रोग, कैंसर के ईलाज किमोथैरेपी, रेडिएशन जैसे लगभग 1600 बीमारियां कवर होती हैं। आयुष्मान योजना के इलाज की सुविधा प्रदेश के निजी और सरकारी दोनों अस्पतालों में उपलब्ध है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 पर हुआ स्वच्छता हिरोज एप पर कार्यक्रम

# डस्टबिन के प्रयोग व स्वच्छता हिरोज एप पर युवाओं को किया जागरूक

कार्यक्रम में छात्राओं को गीला व सूखा कचरा समेत पांच प्रकार के कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन पर जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत नगर निगम द्वारा शहर के कालेज में नारी शक्ति का आगाज, स्वच्छता के साथ व स्वच्छता हीरोज ऐप पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल व यूथ रेडक्रास सेल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार मुख्य अतिथि रहे। जबकि नगर निगम की सोशल मीडिया सेल इंचार्ज मुक्ता व स्नेहा सेवा ट्रस्ट की संचालिका ममता सेन कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम में अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने छात्राओं को सूखा व गीला कचरा समेत पांच प्रकार के कचरे के लिए अलग अलग डस्टबिन का इस्तेमाल करने के प्रति जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि मुक्ता व ममता सेन ने छात्राओं को नगर निगम के स्वच्छता हीरो ऐप की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के नियम अपनाने से ही लोगों को साफ-स्वच्छ वातावरण मिलेगा। लोगों को अपने आस-पास पूरी साफ-सफाई रखनी चाहिए व अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि मुक्ता ने नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता हीरो ऐप के बारे में जानकारी दी व युवाओं को इस ऐप का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन शहरी के आईईसी विशेषज्ञ दुर्गेश कुमार, राकेश कुमार, निशा, ममता थापर, मनिका सेठी और नेहा ठाकुर आदि मौजूद रहें।



यमुनानगर। कार्यक्रम में छात्राएं सवाल जवाब करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### घर में महिलाओं के चलते हैं आदेश : धीरज

मुख्य अतिथि अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि शहर को साफ व स्वच्छ बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका है। महिलाएं अपने घर की गृहमंत्री होती है। घर में उसी के आदेश चलते है। यदि वह स्वयं घर में कचरा अलग अलग कर उसे निगम के वाहनों को देने में प्राथमिकता करेगी तो अन्य भी उसके सहयोगी बनेंगे। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला और पांच प्रकार के डस्टबिन के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गीले कचरे से खाद तैयार करें और सूखे कचरे का सही प्रबंधन करें। कचरे के सही प्रबंधन से ही हमारा पर्यावरण स्वच्छ व साफ बनेगा। यदि हम कचरे का सही प्रबंधन नहीं करेंगे तो हम कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का शिकार हो सकते है। इसलिए सभी अपने घर में कचरा अलग अलग रखने के लिए अलग अलग डस्टबिन रखें। कचरा प्रबंधन की आदत अपनाएं और पर्यावरण का स्वच्छ बनाए।

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे नारी शक्ति : यादव



यमुनानगर। कार्यक्रम में मौजूद संस्थान के सदस्य व अन्य।

- जीवनदीप संस्थान द्वारा लगाया गया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जीवनदीप संस्थान एलायंस क्लब व ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल छछरौली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर संस्था द्वारा अंतराष्टीय महिला दिवस के उपलक्षय में लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त ट्रेनिंग सुमन यादव मौजूद हुए। उनके साथ विशिष्ट अतिथि जसपाल सिंह गिल एसडीम बिलासपुर ने शिरकत की। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ. ममता वर्मा व डॉक्टर ममता कुमार डिप्टी सीएम डॉ दिव्या मंगला ने ने भी अपने विचार रखे। सुमन यादव ने बताया कि नारी शक्ति को हमेशा अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिना महिलाओं की समाज में अहम भूमिका है उन्हें समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए। क्योंकि महिलाओं का हमारे समाज में बहुत अहम योगदान है। मौके पर मौजूद एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने कहा ग्रामीण अंचल में बढ़ चढ़कर स्वास्थ्य सेवाएं मोहैया करना जीवनदीप संस्थान बहुत सराहनीय कार्य कर रही है। अंतर्राष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष में सरपंच छछरौली गीता गुलाटी, तमन्ना अरोड़ा , ममता सेठी, व ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय संस्थान के बहनों को सम्मानित किया गया।

# शिविर में फ्लेक्सिबिलिटी के लिए छात्राओं ने सीखी योग क्रियाएं

- विश्व महिला दिवस परखालसा कॉलेज में शुरू हुआ नौ दिवसीय योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज में जमना ऑटो इंडस्ट्रीज सीएसआर के सहयोग से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नौ दिवसीय योग शिविर शुरू किया। यह योग शिविर 17 मार्च तक चलेगा।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर प्रोफेसर स्वाति ने छात्राओं को योगासन सिखाए। इस दौरान छात्राओं को हेल्दी लाइफस्टाइल बनाए रखने में योग के महत्व के बारे में बताया। शिविर के पहले दिन 46 छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान छात्राओं ने फ्लेक्सिबिलिटी, कॉन्संट्रेशन और ओवरऑल वेलनेस को बेहतर बनाने में मदद करने वाली योग क्रियाएं सीखी। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने बताया कि योग फिजिकल फिटनेस और मेंटल बैलेंस बनाए रखने के लिए एक जरूरी प्रैक्टिस है। जमना ऑटो इंडस्ट्रीज लिमिटेड की अध्यक्ष सीएसआर संयम मराठा ने कहा कि यमना ऑटो इस प्रकार के कार्यक्रम करने के लिए बचनबद्ध है। डॉ. गुरविंदर कौर ने कहा कि हमें स्वस्थ्य रहने के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग करने से बीमार होने का खतरा बहुत कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अपनी सेहत के लिए किसी के पास समय नहीं है। मौके पर वाइस प्रिंसिपल डॉ. जसविंदर कौर, डॉ. पायल लांबा, प्रो. मंगल, प्रो. डॉली, प्रो. मिन्नी और प्रो. रिचा आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। योग शिविर में भाग लेती छात्राएं।

### श्रद्धालुओं ने धूमधाम से मनाई शीतला माता जयंती, मंदिर में मांगी मन्नतें



**रादौर।** कस्बा रादौर में स्थानीय लोगों द्वारा शीतला माता की जयंती धूमधाम से मनाई गई। स्थानीय लोगों ने शीतला माता के मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की और माता के मंदिर में गुलगुलो का प्रसाद चढ़ाकर अपनी मन्नते मांगी। इस अवसर पर मंदिर की देखरेख करने वाली संगीता रानी ने बताया कि शीतला माता जयंती पर स्थानीय लोग पूजा अर्चना कर सभी के लिए मंगल कामना करते है। उन्होंने बताया कि इस दिन मां शीतला को बासी भोजन का भोग लगाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शीतला माता को रोगों से रक्षा करने वाली देवी माना जाता है। इस कारण लोग परिवार के स्वास्थ्य और सुख.समृद्धि की कामना के साथ इस व्रत को करते हैं। उन्होंने बताया कि शीतला अष्टमी को कई जगहों पर बसौड़ा या बसियौरा भी कहा जाता है। इसका संबंध बासी भोजन से जुड़ी परंपरा से है।

- जयंती पर शीतला माता को बासी भोजन का लगाया जाता है भोग

# आमजन की समस्याओं का अधिकारी त्वरित आधार पर करें समाधान : एसडीएम

- मुख्यमंत्री समय-समय पर करते है समाधान शिविरों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

लघु सचिवालय व्यासपुर में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने की।

मौके पर उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

एसडीएम ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित जन समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने उपमंडल वासियों से अपील की कि वे निर्धारित दिनों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय पहुंचकर समाधान शिविर का लाभ उठाएं। शिविरों का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं से जुड़ी बाधाओं को दूर करना। एसडीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समय-समय पर समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं । सोमवार को आयोजित शिविर में परिवार पहचान पत्र, बिजली, राशन कार्ड, पंचायती राज विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से संबंधित दो शिकायतें प्राप्त हुई, जिसका मौके पर ही समाधान किया। शिविर में डीएसपी हरविंदर सिंह, तहसीलदार कुलदीप सिंह, बिजली निगम से जेई रिंकल आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तनीषा ने पाया प्रथम स्थान



रादौर। मुकंदलाल कॉलेज कार्यक्रम में भाग लेती स्टाफ सदस्य।

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में सोमवार को विश्व महिला दिवस के उपलक्ष में वूमेन अचीवर्स पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. चा सीकरी मुख्य रूप से मौजूद रही। प्रतियोगिता में भारत की विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं के ऊपर प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों प्रो. पूजा वर्मा, प्रो. पिंकी रानी, प्रो. सिमरन का विशेष सहयोग रहा।

मौके पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. माला शर्मा ने महिला दिवस के बारे जागरूक किया व इसकी विशेषता बताई। प्रश्नोत्तरी में तनीषा ने पहला, खुशबू दूसरा, सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल तीसरा स्थान आराधना, दयानंद महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र ने प्राप्त किया। इस मौके पर कॉलेज स्टॉफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# बस्ती के नाम पर संचालित होंगे हिंदू सम्मेलन के सभी व्हाट्सएप ग्रुप:सिंगला

- हिंदू सम्मेलन समीक्षा बैठक में संस्थाओं को किया आभार व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हिंदू सम्मेलन के नगर संयोजक अश्वनी सिंगला के निवास तेजली में सम्मेलन से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें जिला कार्यवाह राकेश, जिला संयोजक हिंदू सम्मेलन माधव तथा लक्ष्य बिंद्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हिंदू सम्मेलन के आयोजन के लिए बनाई गई आयोजन समिति और उससे संबंधित सभी उप समितियों के दायित्व व पद अब भंग कर दिए जाएंगे। इसके साथ ही यह भी तय किया गया कि आयोजन समिति द्वारा हिंदू सम्मेलन के नाम से संचालित व्हाट्सएप गुरप को अब बस्ती के नाम से संचालित किया जाएगा ताकि स्थानीय सामाजिक गतिविधियों और जनसंपर्क को आगे बढ़ाया जा सके। नगर संयोजक अश्वनी सिंगला ने कहा कि हिंदू सम्मेलनों ने समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन आयोजनों के माध्यम से विभिन्न वर्गों, संस्थाओं और समाज के लोगों को एक मंच पर आने का अवसर मिलता है। जिससे आपसी संवाद और सहयोग की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि जब समाज के लोग एक साथ बैठकर सामाजिक और धार्मिक विषयों पर चर्चा करते हैं।



यमुनानगर। बैठक में भाग लेते हिंदू सम्मेलन के पदाधिकारी।

### रोटरी क्लब ने नपा के 35 सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



रादौर। मुकंदलाल कॉलेज कार्यक्रम में भाग लेती स्टाफ सदस्य।

**रादौर।** रोटरी क्लब रादौर के तत्वावधान में नगर पालिका रादौर के 35 सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सांसद सांसद नवीन जिंदल के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता ने सफाई कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। चेयरमैन ने बताया कि सफाई कर्मचारी हमेशा लोगों की भलाई के लिए कार्य में लगे रहते हैं। उनकी मेहनत ओर लगन को देखकर ही उन्हें सम्मानित किया गया है। इसी मौके पर महाराणा प्रताप पार्क में पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसके तहत पार्क में 10 पौधे लगाए गए। रोटरी क्लब के प्रधान हरजीत सिंह सैनी व सचिव भारत माटिया ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल एक महान समाजसेवी है। जो हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रहे है। उनकी ओर से खेलों को बढ़ावा देने के लिए लोकसभा स्तर पर युवाओं के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई है। इस अवसर पर चेयरमैन रजनीश मेहता, प्रधान हरजीत सिंह सैनी, सचिव भारत माटिया, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, राजू गुप्ता, संदीप सैनी, पार्षदे ऋषिपाल आदि मौजूद रहे।

# युवा नशे से दूर रहकर खेल, शिक्षा व समाज सेवा में दें योगदान : अमरेंद्र

- पुलिस ने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में भाग लेने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत थाना गांधीनगर क्षेत्र में दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में एडिशनल एसपी अमरेंद्र सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। दंगल करवाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें खेल और सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना था।

दंगल में आसपास के क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अपने दांव पेच दिखाए और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अंत में विजेता पहलवानों को सम्मानित भी किया गया। एडिशनल एसपी अमरेंद्र सिंह ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि युवाओं को अनुशासन और सकारात्मक जीवन की ओर भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वह नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहें और खेल, शिक्षा तथा समाज सेवा में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है।



यमुनानगर। नशे के विरूद्ध युवाओं को जागरूक करते एसपी अमरेंद्र सिंह।

## पूज्य ज्वाला माता मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया स्थापना दिवस

# मेरी ज्वाला मैया मेरे नाल-नाल है भजन पर झूमे श्रद्धालु

संत- महात्माओं ने लोगों को धर्म,सेवा, संस्कार व मानवता के मार्ग पर चलने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के ससौली रोड स्थित पूज्य ज्वाला माता जी मंदिर का स्थापना दिवस सोमवार को बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता जी के चरणों में अपनी आस्था प्रकट की।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात काल मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना, हवन यज्ञ और माता जी के भजन कीर्तन के साथ हुआ। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्ति रस से सराबोर रहा और श्रद्धालु माता जी के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक संस्थाओं एवं शहरों से पधारे पूज्य संत महात्माओं ने समागम में पहुंचकर अपनी पावन उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संतों ने अपने आशीर्वचन में कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना को जागृत करते हैं और लोगों को धर्म, सेवा, संस्कार और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ समाज के उत्थान में योगदान देने का संदेश भी दिया। आधुनिक युग में युवा भक्ति मार्ग की ओर कम अग्रसर हो रहे है। जिसके लिए धार्मिक कार्यक्रमों का होना आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान भजन कीर्तन मंडलियों द्वारा भक्तिमय प्रस्तुतियां दी गईं। विशेष रूप से मेरी ज्वाला मैया मेरे नाल-नाल है भजन पर श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर झूम उठे और पूरे परिसर में भक्ति व उत्साह का अद्भुत वातावरण बन गया। श्रद्धालुओं ने माता जी के दरबार में मत्था टेककर परिवार की सुख समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। समारोह के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



यमुनानगर। स्थापना दिवस कार्यक्रम में भजनों पर झूमते श्रद्धालु।

**खबर संक्षेप**



### भारत की जीत पर मनाया जश्न

**कुरुक्षेत्र।** भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर अपना टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली. रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन क्रिकेट टीम ने रिकॉर्ड तीसरी बार ये खिताब जीता है। शहर में रातभर भारतीय क्रिकेट टीम की टी-20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया गया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को मात दी।

### उपायुक्त ने किया एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण

**पिहोवा।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि तहसील और एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों को जीरो टोरलैंस पालिसी को जहन में रखकर कार्य करना होगा। किसी स्तर पर भी भ्रष्टाचार से सम्बन्धित शिकायत मिली तो सम्बन्धित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सोमवार को दोपहर बाद पिहोवा तहसील व एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया।

### कुवि में एक्सटेंशन लेक्चर आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय की ओर से 10 मार्च 2026 को विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में स्ट्रेस मैनेजमेंट एंड हीलिंग इन वर्क बैलेंस विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन दोपहर 3 बजे किया जाएगा। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी ने बताया कि इस व्याख्यान में स्वास्थ्य एवं वेलनेस कोच डॉ. मनु जटाना मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार साझा करेंगे। डॉ. मनु जताना को न्यूट्रिशन, मेडिटेशन, काउंसलिंग और व्यवहारिक परिवर्तन के क्षेत्र में 12 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

---

समस्याओं का त्वरित निपटारा अब तकनीक के साथ

# समाधान होने तक शिकायत को ट्रैक करेगा कर्मचारी : डीसी

## अब उपमंडल स्तर पर लगने वाले समाधान शिविर में भी उपायुक्त सुनेंगे शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समाधान होने तक एसडीएम कार्यालय पिहोवा द्वारा तकनीक का प्रयोग करते हुए रिकॉर्ड के साथ फॉलो किया जाएगा। इसके साथ ही शिकायतकर्ता को शिकायत देने पर एक पावती पत्र भी दिया जाए। जिसके आधार पर शिकायत दोबारा आने पर शिकायतकर्ता के समाधान स्टेट्स को आसानी से चैक किया जाएगा। इतना ही नहीं अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निपटान करना होगा। अब हर उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर में वे स्वयं निर्धारित शेड्यूल के अनुसार लोगों की शिकायतों को सुनकर समाधान करेंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सोमवार को पिहोवा उपमंडल कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुना। इस समाधान शिविर में उपायुक्त के सामने 78 लोगों ने अपनी शिकायत व समस्याओं को रखा।



78 लोगों ने अपनी शिकायत रखीं, जल्द से जल्द समाधान के निर्देश

**ये समस्याएं हुईं प्राप्त**

इन शिकायतों में पेंशन, इनकम, परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों को ठीक करवाने, बिजली, पुलिस, नगर पालिका विभाग से संबंधित रही। सभी शिकायतों को संबंधित विभाग के पास भेजकर जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने निर्णय लिया कि आने वाले दिनों में दूसरे उपमंडल कार्यालय में बैठकर भी समाधान शिविर की शिकायतों को सुना जाएगा।

---

# सैनी माजरा में 60 फीट ऊंचे तिरंगे और स्वागत गेट का किया लोकार्पण

- भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

विधानसभा की ग्राम पंचायत सैनी माजरा में देशभक्ति और विकास की भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। गांव में पहुंचने पर सरपंच सतीश कुमार ने सुभाष कलसाना का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट करके किया। तत्पश्चात सुभाष कलसाना ने ग्राम पंचायत के कोष से बनवाये गये स्वागत गेट का उद्घाटन किया और गांव में 60 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज की भी स्थापना की गई जिससे पूरे क्षेत्र में राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। इस मौके पर आयोजित जनसभा में में गांव के सरपंच सतीश कुमार ने भाजपा नेता सुभाष कलसाना का गर्मजोशी से स्वागत किया और पंचायत द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। सरपंच ने बताया कि गांव की आबादी सडक के दोनों ओर बसी हुई है, लेकिन बीच में गुजर रहे नेशनल हाईवे 152 के कारण ग्रामीणों को एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए कई किलोमीटर का लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। ग्रामीणों ने एक स्वर में सुभाष कलसाना के समक्ष हाईवे पर अंडरपास बनाने की मांग रखी। इस अवसर पर सुभाष कलसाना ने आश्वासन दिया कि गांव की मांग को संबंधित विभाग और सरकार तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा ताकि जल्द समाधान हो सके। इस अवसर पर मान सिंह देसवाल, संजीव कुमार, पूर्व कृष्ण कुमार, रविंद्र सैनी और राकेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## रोटरी क्लब ने गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह में लगवाया वाटर प्यूरिफायर

**कुरुक्षेत्र।** फौजी चौक स्थित गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह में रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वाटर प्यूरिफायर लगाया गया। रोटरी प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि रोटरी क्लब का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा और लोगों की भलाई के लिए कार्य करना है। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा साहिब में आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह वाटर प्यूरिफायर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब आगे भी इसी प्रकार समाजहित के कार्य करता रहेगा और जरूरतमंद स्थानों पर सेवा परियोजनाएं चलाता रहेगा। इस अवसर पर रोटरी असिस्टेंट गवर्नर डॉ. एस. एस. आहूजा ने कहा कि रोटरी क्लब हमेशा मानव सेवा को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करता है।



---

# सरस्वती तीर्थ पर चौदस मेला 16 से 19 तक

- तैयारियों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि तीर्थ नगरी पिहोवा के प्रसिद्ध चैत्र चौदस मेला में देश के कोने-कोने से पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इन श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, इस विषय को सभी अधिकारी गंभीरता से लेंगे और समय रहते तैयारियां पूरी करेंगे। अहम पहलू यह है कि पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर 16 से 19 मार्च तक चैत्र चौदस मेले का आयोजन किया जाएगा। इस चैत्र चौदस मेले में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा सरस्वती के पवित्र तट पर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के पूजा अर्चना करवाई जाएगी तथा अमावस के दिन सरस्वती सरोवर के पवित्र जल में स्नान किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सोमवार को बीडीपीओ कार्यालय के बहुउद्देश्यीय हॉल में चैत्र चौदस मेले की तैयारियों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, भाजपा के वरिष्ठद्द नेता जयभगवान शर्मा, नपा चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, एसडीएम अनिल दून ने चैत्र चौदस मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा की।




---

# जनसेवा, संकल्प के प्रतीक हैं नवीन जिंदल : सिंगला

- गुदगुदी जंक्शन समूह ने तिरंगा गीत कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा रविवार सांय रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित एक निजी होटल में सांसद नवीन जिंदल के सम्मान में तिरंगा नवीन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए सचिव सुनील अंगीरस ने बताया कि समूह के म्यूजिकल ग्रुप /"गाता रहे मेरा दिल/" के 10 गायकों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति से देश प्रेम का जज्बा पैदा किया। समूह अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला,संरक्षक जितेंद्र बंसल,समाजसेवी संजीव सीकरी मित्तल,सूबेदार रविंद्र कौशिक,ललित चावला व श्याम जुनेजा ने दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षाविद मंजू सिंगला और सांसद कार्यालय प्रतिनिधि भूषण पाल मंगला को समूह द्वारा दौशाला,स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



कुरुक्षेत्र। सांसद कार्यालय प्रतिनिधि भूषण पाल मंगला को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

### राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाने में अहम योगदान

कार्यक्रम अधिकारी राजेश सिंगला ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का आम नागरिक को अधिकार दिलाने में कुरुक्षेत्र के सांसद एवं देश के विख्यात उद्योगपति सांसद नवीन जिंदल का अहम योगदान है। नवीन जिंदल की वजह से भारत के हर आम नागरिक को तिरंगा झंडा फहराने का अधिकार मिला। इस अवसर पर जगदीश शर्मा, एलआर विज, रमेश कुमार सुखीजा, राकेश कंसल, कमल अरोड़ा, गुलशन सूरी, अशोक खुंगर, महेश छाबड़ा, प्रवीण गोयल, नवीन छिब्बर, कृष्ण लाल अरोड़ा, राजेश हंस आदि शामिल रहे।

---

# जब महिलाएं शिक्षित व जागरूक होंगी तभी समाज और राष्ट्र सशक्त बनेगा

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति धाम सेवा केंद्र में नारी शक्ति के सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मिक जागरण के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय वंदे मातरम् स्वर्णिम भारत रहा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी गणमान्य महिलाओं ने भाग लेकर नारी की भूमिका और उसके महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. सुमन सेठी, डॉ. सुनीति, डॉ. भारद्वाज, डॉ. बिंदु गर्ग, डॉ दीप्ति,पार्षद रेखा शर्मा, हिंदू शिक्षा समिति की पूर्व उपाध्यक्ष राजविज, समाजसेविका एवं कवयित्री गायत्री कौशल, पूनम (नारी जागरूक रोजगार संस्था), सुमन (महिला पुलिस स्टेशन), सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन, ब्रह्माकुमारी राधा बहन तथा ब्रह्माकुमारी मधु बहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बी.के. पुष्पा बहन एवं आरती बहन ने अतिथियों को पटका पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर भारतीय संस्कृति की अतिथि देवो भव परंपरा का निर्वाह किया। कार्यक्रम का संचालन बी.के. मधु बहन ने करते हुए मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया तथा ब्रह्माकुमारी संस्था की सेवाओं पर प्रकाश डाला।





कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

## शिविर में 16 लोगों ने किया रक्तदान

**थानेसर।** वर्ष 1989 से रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 580 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर थैलीसीमिया पीड़ति बच्चों को समर्पित रहा। इस शिविर में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, हरियाणा (चंडीगढ़) के महासचिव डॉ. सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। शिविर की अध्यक्षता मानव मित्र मंडल के प्रधान भारतेन्दु हरीश ने की जबकि प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों और रक्तदाताओं का स्वागत किया। शिविर में डॉ. अशोक कुमार वर्मा की धर्मपत्नी ने सुषमा वर्मा ने सबसे पहले रक्तदान किया। इनके पश्चात हरविंद्र सिंह, प्रवीन कुमार, कंचन, नेहा, अरुण कुमार, सुमित चौहान, उमेश वर्मा, जीतेन्द्र, संतोष बाला, श्रवण कुमार, अंकित, संतोष, गौरव, राजबाला, बंसी लाल सहित 16 लोगों ने रक्तदान किया।

---

# सामाजिक मुद्दे पर आधारित हिंदी फिल्म 'टूवे' 13 को होगी रिलीज, ट्रेलर लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सामाजिक मुद्दे पर आधारित हिंदी फिल्म टूवे का ट्रेलर लॉन्च कर दिया गया है। यशबाबू एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी यह फिल्म 13 मार्च 2026 को देशभर के 500 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म समाज के एक संवेदनशील और गंभीर विषय को उठाती है और न्याय व सामाजिक सोच पर सवाल खड़े करती है। फिल्म की कहानी उन लड़कियों के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपने परिवार की दौलत और ताकत के नशे में एक शरीफ युवक के साथ घिनौना अपराध कर बैठती हैं। इसके बाद वे अपने परिवार के प्रभाव का इस्तेमाल कर सच्चाई को दबाने की कोशिश करती हैं। कहानी में मोड़ तब आता है जब इंस्पेक्टर हीरा और हवलदार मोती चाचा पीड़ति युवक को इंसाफ दिलाने के लिए संघर्ष करते हैं। फिल्म यह सवाल भी उठाती है कि क्या दोषियों को सजा मिलेगी और क्या पीड़ति युवक समाज में न्याय पा सकेगा। फिल्म में गुरलीन चोपड़ा, मिलिंद गुणाजी, सुधा चंद्रन, विजय पाटकर, पंकज बेरी, देवयांशी डे, डी. रंधावा, मन्नत सिंह, नेहा वर्मा, अर्चना गोल्डस्मिथ, जानवी सांगवान, विजय खेपर, राजिन्दर वर्मा, आरव वधवा, जीतराय दत्त और संदीप सिंघल सहित कई अनुभवी कलाकारों ने अभिनय किया है। इंपा थिएटर में आयोजित ट्रेलर लॉन्च समारोह में निमार्ता राजिन्दर कुमार वर्मा, पंकज बेरी, गुरलीन चोपड़ा आदि मौजूद रहे।



---

**कार्यक्रम** सांसद के 56वें जन्मदिन पर जिलेभर में कार्यक्रमों का आयोजन

# शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को लेकर नवीन जिंदल के प्रयास प्रेरणादायी

### वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन में डालीं आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के पावन ब्रह्म सरोवर के तट पर स्थित कुरुक्षेत्र संस्कृत वेदशाला में सांसद नवीन जिन्दल के 56वें जन्मदिवस के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेदपाठियों और नवीन जिन्दल के साथियों ने हवन में आहुतियां अर्पित करते हुए सांसद नवीन जिन्दल की दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर जनसेवा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और श्रद्धामय रहा। वेदशाला के आचार्यों और वेदपाठियों ने वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार हवन संपन्न कराया। मंत्रोच्चारण की पवित्र ध्वनि के बीच उपस्थित लोगों ने भगवान से प्रार्थना की कि सांसद नवीन जिन्दल सदैव स्वस्थ और ऊर्जावान रहें तथा देश और समाज के लिए इसी प्रकार सेवा कार्य करते रहें। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल ने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं। शिक्षा, युवाओं के कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को लेकर उनके प्रयास प्रेरणादायी हैं।




**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष तेजिंदर सिंह गोल्डी, उपेंद्र सिंघल सचिव कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, सुभाष कलसाना समाजसेवी , गुरनाम सैनी प्रधान सैनी समाज सभा, सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह, आचार्य नरेश शांडिल्य, राम मेहर आचार्य ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि, मलकीत ढांडा चेयरपर्सन नगरपरिषद प्रतिनिधि, जितेंद्र खैरा सरपंच, रामराज कौशिक, कृष्ण कुमार रंगा, मनिंदर सिंह पार्षद, देवी दयाल शर्मा पूर्व चेयरमैन, बलदेव सैनी सरपंच, अनु माल्यान, सुरजीत मुन्नाहेड़ी खालसा, विजय सलारपुर आदि मौजूद रहे।

### *मरीजों को वितरित किए गए फल*

*सांसद नवीन जिन्दल के 56वें जन्मदिन के अवसर पर कुरुक्षेत्र के लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से मरीजों के स्वास्थ्य और उनके मनोबल को बढ़ाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी ने सहयोगियों सहित अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरित किए। इस अवसर पर सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह, राम मेहर आचार्य, देवी दयाल शर्मा पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक समिति, मलकीत ढांडा, अनु माल्यान, हल्का थानेसर प्रभारी बलविंद्र सिंह, भूषण मंगला आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।*

### आम के 56 पौधे किए रोपित

सांसद नवीन जिन्दल के 56वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में रेड अमेरिकन आम का पौधा रोपित किया गया। यह पौधारोपण समाजसेवी रोहित गुप्ता और सीए अश्विनी जैन द्वारा किया गया। रोहित गुप्ता ने कहा कि केवल एक पौधा ही नहीं बल्कि विभिन्न स्थानों पर कुल 56 पौधे रोपित किए गए हैं, जो सांसद नवीन जिंदल के 56वें जन्मदिन का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है। इस अवसर पर सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह विकास अधिकारी भूषण मंगल और डॉ. राज कुमार व अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।



### जिन्दल हाउस में केक काटा

सांसद नवीन जिन्दल के 56वें जन्मदिवस के अवसर पर जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में उत्साह और उमंग के साथ केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा और समर्थक उपस्थित रहे और सभी ने सांसद नवीन जिन्दल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। केक कटिंग के बाद उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की।



## मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला के कार्यालय में धूमधाम से मनाया सांसद का जन्मदिन

**पिहोवा।** पिहोवा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला के कार्यालय में देश के लोकप्रिय उद्योगपति व सांसद नवीन जिंदल का जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष तेजिंदर सिंह गोल्डी ने केक काटकर सांसद नवीन जिंदल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनके दीघार्यु व स्वस्थ जीवन की कामना की। जिलाध्यक्ष तेजिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि नवीन जिंदल एक जनप्रिय नेता होने के साथ-साथ समाजसेवा और विकास कार्यों के लिए सदैव समर्पित रहते हैं। पिहोवा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला ने कहा कि नवीन जिंदल का जीवन समाज सेवा और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। सांसद नवीन जिंदल के जन्मदिन के अवसर पर गांव अरनैचा में सरपंच रामलाल प्रजापति, जीएस फार्म में सरदार सुरिंद्र सिंह, ज्ञानचंद चुनियां फार्म और पंच दिलबाग ने कार्यक्रम आयोजित किया । सुरिंद्र सिंह व जगत सिंह चंडीगढ फार्म ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सांसद नवीन जिंदल लगातार प्रयासरत हैं। उनका पहला प्रयास स्वच्छता एवं लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए उत्तम खानपान और एक्सरसाइज के प्रति सचेत करने का रहता है। इस अवसर पर सारसा मंडल अध्यक्ष बाबू राम, जिला महामंत्री अर्जुन त्यागी, मंडल महामंत्री, मंडल कार्यकारिणी के सदस्य व पार्टी के कई सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### शिकायतों पर होगी सुनवाई

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 10 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से जुड़ी शिकायत इस बैठक में रख सकता है। मौके पर ही शिकायत पर सुनवाई कर उसका समाधान का प्रयास किया जाएगा।

### एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका मुख्य उदेश्य आम नागरिकों की समस्यओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। सभी अधिकारी इसी ध्येय के साथ कार्य करें। एसडीएम आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। एसडीएम ने शिविर में पंहुचे शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को क्रमवार तरीके से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### शिकायतों पर करें अधिकारी कार्रवाई

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। शिविर में लोगों ने अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखीं। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर लोगों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है। इस शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाता है।

### रा.कॉलेज में व्यक्तिगत रील्स पर प्रतिबंध लगा

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में व्यक्तिगत रील्स, वीडियो व इंटरनेट मीडिया सामग्री पर प्रतिबंध लगाया है। राजकीय कालेज के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने पत्र जारी कहा कि प्राय देखने में आया है कि कुछ विद्यार्थी, स्टाफ व अन्य बाहरी व्यक्ति महाविद्यालय परिसर में बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के व्यक्तिगत रील्स, वीडियो व इंटरनेट मीडिया सामग्री बनाते हैं।


### अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियां लापता

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन नाबालिग लड़कियों के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। शहर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन मार्च को उसकी 15 वर्षीय पौती घर से गायब हो गई। वहीं नरवाना निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस घर से गायब हो गई। उधर, सदर थाना सफीदों इलाके से भी 17 वर्षीय लड़की गायब हो गई।

## कांग्रेस ने कर्मचारियों को समर्थन देकर हर संभव सहयोग का किया ऐलान

# निगम ने 15 वार्डों की सफाई का काम ठेके पर दिया, विरोध पर उतरे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला


नगर निगम के सफाई कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए।

अंबाला शहर नगर निगम के 15 वार्डों में सफाई कर्मचारियों को ठेके पर रखने के निर्णय के विरोध का बड़े स्तर पर विरोध शुरू हो गया है। तमाम सफाई कर्मचारियों ने इसको लेकर सोमवार को धरना देकर नगर निगम में प्रदर्शन किया। उधर कांग्रेस ने भी प्रदर्शनकारियों की मांग को जायज ठहराते हुए हर संभव सहयोग देने का ऐलान किया। अंबाला शहर से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री निर्मल सिंह सोमवार को खुद प्रदर्शनकारी कर्मचारियों की मांगों के पुरजोर समर्थन के लिए उनके बीच पहुंचे। विधायक ने उनकी मांगों को न्यायसंगत बताते हुए उनके समर्थन में खुलकर खड़े होने का भरोसा दिया। नगर पालिका कर्मचारी संघ व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से जुड़े सफाई कर्मचारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि नगर निगम ने 15 वार्डों में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए ठेके जारी कर दिए हैं, जबकि वर्षों से सफाई कार्य कर रहे कर्मचारियों को निगम क्षेत्र से बाहर भेजा जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि यह न केवल उनके साथ अन्याय है बल्कि लगभग दो दशकों से सेवा दे रहे कर्मचारियों के भविष्य को भी असुरक्षित बना रहा है। धरने में पहुंचे निर्मल सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मामला केवल रोजगार का प्रश्न नहीं बल्कि श्रम की गरिमा और न्याय का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि यदि कोई कर्मचारी 15-20 वर्षों से शहर की सफाई व्यवस्था को संभालते हुए अपने श्रम से व्यवस्था को चलाता रहा है, तो उसे ठेके की व्यवस्था के माध्यम से हाशिये पर धकेलना प्रशासनिक संवेदनहीनता का उदाहरण है।

■ निर्मल सिंह सोमवार को कर्मचारियों के समर्थन के लिए पहुंचे

### ठेका प्रथा पर सरकार की नीति पर सवाल

निर्मल सिंह ने कहा कि सरकार एक ओर सार्वजनिक मंचों से ठेका प्रथा समाप्त करने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर नगर निकायों में ठेकेदारों के माध्यम से कर्मचारियों को लगाने का रास्ता खोल देती है। "नीति और व्यवहार के बीच यह विरोधाभास कर्मचारियों के मन में अविश्वास पैदा करता है," उन्होंने कहा। कर्मचारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सरकार और कर्मचारी संगठनों के बीच पूर्व में हुई वार्ताओं में आश्वासन दिया गया था कि सफाई कर्मचारियों को ठेके पर नहीं लगाया जाएगा, लेकिन नगर निगम में इस आश्वासन की अनदेखी कर दी गई। इसके अलावा कर्मचारियों ने यह भी मांग उठाई कि 31 दिसंबर 2025 को माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार कच्चे सफाई कर्मचारियों को स्थायी किया जाए, जिसकी अभी तक पालना नहीं की गई है। निर्मल सिंह ने इस विषय पर बोलते हुए कहा कि न्यायालय के आदेशों की अवहेलना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं हो सकती। उन्होंने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि वे इस मुद्दे को राज्य सरकार और मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से उठाएंगे तथा विधानसभा में भी इसे प्रमुखता से रखेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगें न केवल वैधानिक बल्कि नैतिक रूप से भी उचित हैं और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था केवल प्रशासनिक ढांचे से नहीं बल्कि उन श्रमिकों के समर्पण से चलती है जो प्रतिदिन सुबह से



रात तक शहर को स्वच्छ रखने में अपना श्रम लगाते हैं।यदि इन श्रमिकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा नहीं की जाएगी तो व्यवस्था का नैतिक आधार ही कमजोर पड़ जाएगा," उन्होंने कहा।धरने पर मौजूद नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा 15 वार्डों में ठेका देने का निर्णय कर्मचारियों के साथ धोखा है। उनका कहना था कि निगम ने विभाग से कर्मचारियों की नियुक्ति की अनुमति मांगी थी, न कि ठेका व्यवस्था लागू करने की। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा नगर निकायों में कर्मचारियों की कमी को एचकेआरएनएल के माध्यम से भरने के निर्देश दिए गए थे लेकिन इसके बावजूद ठेके की व्यवस्था लागू करना कर्मचारियों के साथ अन्याय है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो पूरे अंबाला जिले में सफाई कर्मचारी व्यापक आंदोलन और हड़ताल के लिए मजबूर हो सकते हैं।

# विधायक ने उठाई मांग जिसका खेत, उसकी रेत

*बाढ़ रोकने का व्यावहारिक समाधान तलाशे सरकार*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा



विधानसभा सत्र के दौरान विधायक पूजा चौधरी ने नदियों की समय पर डिसिल्टिंग (खुदाई) न होने और 'जिसका खेत, उसकी रेत' योजना लागू करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बाढ़ प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए क्षेत्र में रेत की निकासी पर सवाल उठाए। विधायक ने 'जिसका खेत-उसकी रेत' मॉडल लागू करने की मांग उठाते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था में खुदाई केवल पंचायती भूमि पर हो रही है, जबकि नदियां कई जगह निजी जमीन से होकर गुजरती हैं। उनके विधानसभा क्षेत्र में तीन नदियां टांगरी, मारकंडा,बेगना मुख्य नदियां है जो बरसात के दिनों में बाढ़ का कारण बनती है लेकिन सरकार ने इन तीन नदियों में से केवल अभी तक टांगरी नदी में थोड़ी बहुत खुदाई करवाई है जो पर्याप्त नहीं है। बची दो नदियों मारकंडा व बेगना नदी में अभी तक सरकार की तरफ़ से खुदाई का कोई काम नहीं हुआ है। विधायक ने कहा कि इन नदियों की खुदाई न होने के कारण इन नदियों का बहाव गांव- शहर, औद्योगिक क्षेत्र व किसानों के खेत से ऊपर होकर बह रहा है। इन नदियों से गांव- शहर,औद्योगिक क्षेत्र व खेत नीचे हो गए है जिस कारण बरसात के मौसम के दौरान इन नदियों में आने वाला पानी गांव-शहर,औद्योगिक क्षेत्र व किसानों की फसलों व पशुधन सहित इन जगहों पर पिछले कई सालों से बहुत भारी नुक्सान करता आ रहा है लेकिन सरकार ने इस नुकसान से बचाव के लिए अभी तक कोई समाधान तलाशना ज़रूरी नहीं समझ रही है।

### बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग

विधायक ने कहा कि पिछले साल बाढ़ के दौरान गरीब मजदूर,किसान, व्यापारी,दुकानदार हर वर्ग प्रभावित हुआ था बहुत से परिवारों के घर बिल्कुल टूट चुके थे पशुधन के साथ किसानों का बहुत नुक्सान हुआ था लेकिन सरकार द्वारा आज तक किसी को इस बाढ़ से नुकसान का किसी को कोई मुआवजा नहीं दिया है अगर किसी को मुआवजा मिला है वो केवल नाममात्र मिला है जो उचित नहीं है। विधायक ने सदन में सरकार से मांग करते हुए कहा कि अंबाला हर साल बाढ़ और कटाव से प्रभावित होता है। जिस कारण सभी वर्गों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है सरकार को बाढ़ रोकने संबंधित मौजूदा नीति में बदलाव कर व्यावहारिक समाधान तलाशने की जरुरत पर जोर दिया।

### बाढ़ रोकथाम योजना

विधायक ने मांग पर सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री ने सदन में कहा कि सरकार ने आगामी मानसून से पहले और व्यापक डी-सिल्टिंग की योजना बनाई है। प्रस्ताव के अनुसार टांगरी नदी से 53.85 लाख घन मीटर, मारकंडा से 10.94 लाख घन मीटर और बेगना नदी से 0.60 लाख घन मीटर गाद निकाली जाएगी। इन कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है और 30 जून तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए सतर्कता के साथ कार्य कर रही है और किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

## कराटे बेल्ट टेस्ट में 61 छात्रों ने दिखाया उत्साह

■ आर्य पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा


**बराड़ा।** कराटे बेल्ट टेस्ट में भाग लेते विद्यार्थी।

आर्य पब्लिक स्कूल में कराटे बेल्ट टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 61 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई बेल्ट हासिल की, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। बेल्ट टेस्ट का संचालन यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन के महासचिव संजीव कुमार के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बच्चों की तकनीक, संतुलन, गति और आत्मविश्वास का बारीकी से मूल्यांकन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कराटे केवल एक खेल नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मसंयम और आत्मरक्षा की महत्वपूर्ण कला है। नियमित अभ्यास और समर्पण से ही खिलाड़ी सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने किक, पंच, ब्लॉक और अन्य कराटे तकनीकों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रतिभा देखकर उपस्थित अभिभावक और शिक्षक भी गर्व महसूस करते नजर आए। विद्यालय के प्रबंधक साहिल वर्मा ने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## समाज की प्रगति करती महिलाओं के सम्मान पर निर्भर

■ एमडीएसडी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला समाजसेवियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला


**अंबाला।** कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि व अन्य।

सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज में अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.संजय गौतम ने बताया कि समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ के मार्गदर्शन में महिला समाजसेवियों को शिक्षा,चिकित्सा,संगीत,खेलकूद,राजनीति,सामाजिक और धार्मिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने पर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्रिंसिपल और मुख्यातिथि डॉ. सीमा सिंघल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर महिला अग्रवाल वैश्य सभा जिलाध्यक्ष अनिता सिंगला,संगीता चौहान,अमांशु, मनजीत कौर,कमलेश अरोड़ा, डॉ जसप्रीत कौर,यशिका सिंघल,कमलेश अरोड़ा,मंजू अरोड़ा,एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ.अनुराधा व रजनी गुप्ता का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से आरम्भ हुए इस सम्मान समारोह में सभी महिलाओं ने राष्ट्र एवं समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचारों से उपस्थित छात्राओं और आगंतुकों को अवगत कराया। प्रिंसिपल डॉ.सीमा सिंघल ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं के सशक्तिकरण और सम्मान पर निर्भर करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों को महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने और समाज में समानता की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मंच का संचालन प्रोफ़ेसर धनंजय कुमार ने किया। डॉ. जसप्रीत कौरने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डिजिटल इंडिया के युग में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक के साथ-साथ शारीरिक गतिविधियां और खेल युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को नियमित रूप से खेलों में भाग लेने, अनुशासन और टीमवर्क की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

## सारण गांव की टीम बनी विजेता, सलारहेड़ी की टीम दूसरे स्थान पर रही

**शहजादपुर।** गांव भरेड़ी में गोगा जाहरवीर क्लब द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में मुख्यातिथि के तौर पर समाजसेवी सपटर गुर्जर ने शिरकत की और विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। टूर्नामेंट में प्रथम स्थान पर सारण गांव की टीम रही ,जबकि दूसरा स्थान सालरहेड़ी गांव की टीम ने प्राप्त किया।

विजेता टीमों को प्रथम पुरस्कार 31000 , दूसरा पुरस्कार 15000 दिया गया। बेस्ट बैट्समैन को मोटरसाइकल देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट का आयोजन प्रदीप सैनी सरपंच भरेड़ी और कलब मेबर सचिन, पार्श सैनी, विकी सैनी ,सेंटी द्वारा कराया गया। चमन गुर्जर उप प्रधान भाकियू, मोहित सैनी , सुरेंद्र गुर्जर व अन्य मौजूद थे।

## खतरों के प्रति सतर्कता ही आत्मरक्षा का पहला कदम

■ छात्राओं को हमेशा सजग रहकर परिस्थितियों का सामना करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा


**बराड़ा।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छात्राओं के लिए आत्मरक्षा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अपने आसपास के माहौल और संभावित खतरों के प्रति सतर्क रहना ही आत्मरक्षा का पहला कदम है। छात्राओं को हमेशा सजग रहकर परिस्थितियों का सामना करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला सुरक्षा एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी अंबाला अरविंदरजीत कौर ने छात्राओं को महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रत्येक व्यक्ति का कानूनी अधिकार है, जो उसे कठिन और खतरनाक परिस्थितियों से सुरक्षित रहने में मदद करता है। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि किसी भी विषम परिस्थिति में घबराने के बजाय शांत रहकर सोच-समझकर कदम उठाना चाहिए। कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल कल्पना और वॉलीबाल कोच मनीषा ने भी अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमरजीत कौर, डॉ. पूजा रानी तथा डॉ. आशुतोष शर्मा का विशेष योगदान रहा।


**बराड़ा।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को दिए गए ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट

**बराड़ा।** गांव उगाला स्थित सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों को पारितोषिक व ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य हरपाल सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे गेमल दहिया की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उप-प्रधानाचार्या नवदीप कौर ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान एलकेजी के बच्चों ने यूकेजी के बच्चों को किंडरगार्टन से विदाई देते हुए हाई स्कूल में प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने कविता पाठ, नृत्य और गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

## एसडीएम का बेटा बना भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट


**अंबाला।** पासिंग परेड के दौरान लेफ्टिनेंट प्रवेश बिश्नोई के साथ उसके पिता एसडीएम दर्शन कुमार व मां उषा।

**अंबाला।** अंबाला शहर के एसडीएम दर्शन कुमार के बेटे प्रवेश बिश्नोई ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर परिवार व प्रदेश का नाम रोशन किया है। बेटे की पासिंग परेड में प्रवेश बिश्नोई के पिता एसडीएम दर्शन कुमार व माता उषा बिश्नोई ने चेन्नई में बेटे को अपना आशीर्वाद दिया। बेटे की इस खुशी को लेकर प्रवेश बिश्नोई के पैतृक शहर हिसार के साथ-साथ परिवार में खुशी का मौहाल है। सभी लोग प्रवेश की इस उपलब्धि को लेकर गद्गद् है। बता दे कि प्रवेश बिश्नोई ने 12 तक की परीक्षा हिसार से उतीर्ण की। उसके उपरांत पंजाब विश्वविद्यालय से लॉ की उपलब्धि हासिल की है। प्रवेश बिश्नोई ने बताया कि उनके मन में बचपन से देश सेवा करने का सपना है जो कि अब पूरा होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह भी देश सेवा करने का सपना बहुत बड़ा होता है।

## विवाद बढ़ने पर सचिव ने सदस्यों से माफी मांगकर छुडाई जान

# नपा सचिव के व्यवहार पर भड़के सदस्य, कार्रवाई के लिए चेयरमैन को शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा


**बराड़ा।** विरोध जताते हुए नगरपालिका के सदस्य।

नगर पालिका में सोमवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब सचिव द्वारा एक सदस्य के पति के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया। घटना के बाद नगर के कई सदस्यों में रोष फैल गया। उन्होंने एकजुट होकर नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक को सचिव के खिलाफ शिकायत सौंपी। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 16 की सदस्य के पति अमरिंदर सिंह रॉबिन सोमवार सुबह आधार कार्ड से संबंधित कार्य के सिलसिले में नगर पालिका कार्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने सचिव मोहित सैनी से अपने वार्ड में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाने का अनुरोध किया। आरोप है कि इस बात पर सचिव भड़क गए।

### शिकायत के बाद सचिव ने मानी गलती

अमरिंदर सिंह ने कथित तौर पर ऊंची आवाज में कहा कि यदि लाइटें ठीक करवानी हैं तो पहले खुद सामान लेकर आएं, उसके बाद ही इलेक्ट्रिशियन भेजा जाएगा। सचिव के इस व्यवहार से आहत होकर अमरिंदर सिंह ने अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी। मामले की सूचना मिलते ही कई सदस्य नगर पालिका कार्यालय पहुंच गए। सामूहिक रूप से चेयरमैन रजत मलिक से मिलकर सचिव के व्यवहार की शिकायत की। इसके बाद चेयरमैन ने तुरंत सचिव मोहित सैनी को अपने कार्यालय में बुलाया। बैठक के दौरान चेयरमैन और सदस्यों के सामने सचिव ने अपने व्यवहार पर खेद जताते हुए गलती स्वीकार की। इस पर चेयरमैन रजत मलिक ने सख्त लहजे में कहा कि कार्यालय में किसी भी निर्वाचित प्रतिनिधि या आम नागरिक के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सचिव ने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा नहीं होगी और वार्ड की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। चेयरमैन रजत मलिक ने कहा कि नगर पालिका कार्यालय जनता की सेवा के लिए है। किसी भी कर्मचारी को किसी के साथ अभद्र व्यवहार करने का अधिकार नहीं है।